BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शनिवार, 20 जुलाई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# सीएसआईआर-आईआईसीटी में पारंगत प्रशिक्षण का शुभारंभ



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद में शुक्रवार को हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, भारत सरकार का पाठ्यक्रम पारंगत की कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। इसमें आईआईसीटी सहित हैदराबाद के हब्सीगुड़ा में अवस्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों सीएसआईआर-सीसीएमबी, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान होमियोपैथी के कार्मिकों को भी हिंदी में कार्यालय के कामकाज करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आईआईसीटी के प्रशासन नियंत्रक एम. आनंद कुमार ने हिंदी प्राध्यापक नीता बेटेगेरी का स्वागत करते हुए कहा कि हिंदी की ये कक्षाएँ हिंदी में काम करने में होनेवाली कठिनाइयों को दूर करेंगी एवं कार्मिकों के झिझक को तोड़ेंगी। आईआईसीटी के मुख्य वैज्ञानिक तथा ज्ञान एवं सूचना प्रबंधन के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र रेड्डी ने प्रतिभागियों से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हैदराबाद की हिंदी में अपनापन है, जो बोलने और सुनने में मीठी है। इसकी मिठास को कार्यालयीन हिंदी में पिरोकर हिंदी में आसानी से काम किया जा सकता है। प्रतिभागियों के साथ-साथ इस अवसर पर क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होमियोपैथी) के प्रभारी डॉ. पी. हिमाबिंदु, आईआईसीटी के वित्त एवं लेखा नियंत्रक मनोजा प्रसाद एवं प्रशासनिक अधिकारी वाई. श्रीनिवास राव, सीसीएमबी के हिंदी अधिकारी एवं अनुवादक क्रमशः नुपूर रानी प्रसाद एवं सविता कुमारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन आईआईसीटी के हिंदी अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार के द्वारा किया गया।




# एनआईआईएमएच में दो दिवसीय पांडुलिपि विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ





**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मेडिकल हेरिटेज (एनआईआईएमएच) हैदराबाद 19 और 20 जुलाई को पांडुलिपि विज्ञान पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत की विभिन्न लिपियों के बारे में ज्ञान प्रदान करना है ताकि विद्वानों को चिकित्सा पांडुलिपियों के आसान अनुवाद में सक्षम बनाया जा सके। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक प्रोफेसर वैद्य रबीनारायण आचार्य और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। स्वागत भाषण एनआईआईएमएच हैदराबाद के सहायक निदेशक डॉ. जी.पी. प्रसाद ने दिया। उन्होंने साहित्यिक अनुसंधान के क्षेत्र में एनआईआईएमएच की गतिविधियों और उपलब्धियों का संक्षिप्त परिचय दिया। प्रोफेसर वैद्य रबीनारायण आचार्य ने वैज्ञानिक समुदाय के लिए भारत में चिकित्सा पांडुलिपियों के अधिग्रहण और अनुवाद के महत्व के बारे में बात की और इस दिशा में केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद और एनआईआईएमएच द्वारा किए गए कार्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी वादा किया कि परिषद विभिन्न संस्थानों और विभागों में पांडुलिपियों के संरक्षण और अनुवाद में तेलंगाना के राज्य विश्वविद्यालयों को अपना समर्थन देगी। उद्घाटन सत्र में डॉ. श्रीनिवास राव, वैज्ञानिक/उप निदेशक, राष्ट्रीय पोषण संस्थान (आईसीएमआर), हैदराबाद, सुब्बा राव, निदेशक, तेलंगाना सरकार ओरिएंटल पांडुलिपि पुस्तकालय और अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, डॉ. शहजादी सुल्ताना, प्रिंसिपल, सरकार निज़ामिया तिब्बी कॉलेज, चारमीनार, हैदराबाद, प्रोफेसर डॉ. के. निष्ठाश्वर, विभागाध्यक्ष (सेवानिवृत्त), द्रव्यगुण विभाग, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर, गुजरात और पूरे भारत से विद्वानों ने भाग लिया। इस अवसर पर, गणमान्य व्यक्तियों द्वारा तेलंगाना राज्य ओरिएंटल पांडुलिपि पुस्तकालय और अनुसंधान संस्थान हैदराबाद में संरक्षित यूनानी चिकित्सा पांडुलिपियों की वर्णनात्मक सूची और सी-सीआरएएस द्वारा प्रकाशित ज्वारद्विशती का विमोचन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. वी. श्रीदेवी, अनुसंधान अधिकारी (आयु.), एनआईआईएमएच हैदराबाद द्वारा व्यक्त किया गया।

# तेरापंथ महिला मंडल की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में महिला मंडल हैदराबाद द्वारा वार्षिक साधारण सभा का आयोजन तेरापंथ भवन सिकंदराबाद में किया गया। महिला मंडल की अध्यक्षा कविता आच्छा की अध्यक्षता में वार्षिक साधारण सभा रखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मेधावी साध्वी अमित रेखा जी ने मंगल उद्बोधन व मंगल पाठ से हुआ। चंद्रा सुराणा, अर्पिता लोढ़ा व मंजू दुगड ने नमस्कार महामंत्र का संगान किया। मंगलाचरण महिला मंडल की बहनों ने प्रेरणा गीत के माध्यम से किया। अध्यक्ष कविता आच्छा ने सभी महिला मंडल एवं कन्या मंडल का स्वागत एवं अभिनंदन किया। संरक्षिका बहन विमलेश सिंधी ने व पूर्व अध्यक्ष रीता सुराणा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। गत साधारण सभा का वाचन पूर्व मंत्री श्वेता सेठिया ने किया। संविधान वाचन पूर्व अध्यक्ष प्रेम पारख ने किया। मंत्री प्रतिवेदन में मंत्री सुशीला मोदी ने साल भर में हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी।कोषाध्यक्ष अल्पना दुगड़ ने वर्ष 2023-24 का आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष कविता आच्छा ने सभी बहनों को हमेशा सहयोग करने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और सभी बहनों को जागरूक रहने के लिए व बहनों को हमेशा आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। कन्या मंडल प्रभारी शीतल कोठारी ने कन्या मंडल प्रतिवेदन में सालभर में आयोजित कार्यों का विवरण दिया। पधारे हुए सभी महिला मंडल कन्या मंडल का सहमंत्री शीतल सांखला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मन्त्री सुशीला मोदी ने किया ।

# पिस्ता बाई शकुंतला बाई चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा छात्रवृत्ति वितरित

**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पिस्ता बाई शकुंतला बाई चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विद्यार्थियों में छात्रवृत्ति वितरित की गई। ट्रस्ट के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसमें विद्यार्थी के कक्षा की तथा उसके द्वारा परीक्षा में प्राप्त अंकों की कोई पाबंदी नहीं थी। ट्रस्ट का उद्देश्य अभिभावकों में अपने बच्चों को शिक्षा दिलवाना प्रमुख था।

इस ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी राजेंद्र कुमार सरायवाला हैं। रविवार को अग्रवाल समाज तेलंगाना के कार्यालय में फॉर्म वितरित किए गए तथा वहीं पर फॉर्म भरवाकर प्राप्त किए गए ताकि विद्यार्थियों अथवा अभिभावकों का समय बचाया जा सके। इस ट्रस्ट की प्रमुख बात यह रही कि यह कार्य रविवार को मध्याह्न में किया गया ताकि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई तथा अभिभावकों को अपने कार्य समय में तकलीफ़ न हो । इस कार्य की सभी लाभार्थियों ने प्रशंसा की। विद्यार्थियों अथवा उनके अभिभावकों में छात्रवृत्ति के चेक ट्रस्ट के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल द्वारा वितरित किए गए ।

# पूर्ण सेवा संस्थान द्वारा गुरुपूर्णिमा महोत्सव कल



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रतिवर्षानुसार पूर्ण सेवा संस्थान भारत द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष तंत्रवारिधि, मनोरोगतज्ञ प.पू. आचार्य श्रीकान्त महाराज पियूष के पावन सान्निध्य में शिष्यवृन्द एवं शुभचिंतकों द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव रविवार 21 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे से माहेश्वरी भवन, बेगम बाजार में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। उक्त जानकारी यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में पूर्ण सेवा संस्थान के गोपाल पाण्डेय द्वारा दी गई।

विज्ञप्ति अनुसार शिष्यवृन्द द्वारा प.पू. आचार्य श्रीकान्त महाराज पियूष का गुरुपाद पूजन प्रातः 10:00 बजे, भजन संकीर्तन भजन गायक नीलेश शर्मा द्वारा तथा भण्डारा प्रसादी मध्याह्न 12:15 बजे से रहेगी। पूर्ण सेवा संस्थान ने प.पू. आचार्य श्रीकांत महाराज के सभी शिष्यों एवं शुभचिंतकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आग्रह किया है।

# अत्तापुर में श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियां जोरों पर

**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी जागृति समिति के तत्वावधान में आगामी श्रावण मास के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन गुरुवार 8 अगस्त से गुरुवार 15 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से 7:30 बजे तक ब्रह्मचारी मठ राधा कृष्ण मंदिर परल काउंटी के सामने अत्तापुर में आयोजित किया जाएगा। कथा वाचक बाल स्वरूप बाल विदुषी सुश्री हरिप्रिया वैष्णवी अपनी अमृतवाणी से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगी। इस संदर्भ में 15 अगस्त गुरुवार को अपरान्ह साढे तीन बजे सुंदरकांड का पाठ निजामाबाद निवासी शारडा बांधु द्वारा किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा के पहले चरण में 8 अगस्त गुरुवार को मध्यान 12:30 बजे से कलश यात्रा रामबाग राम मंदिर अत्तापुर से शुरू होकर कथा स्थल ब्रह्मचारी मठ राधा कृष्ण मंदिर रामबाग अत्तापुर पहुंचेगी। प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत महात्म, दूसरे दिवस परीक्षित जन्म, शिव विवाह, तृतीय दिवस प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, चतुर्थ दिवस श्रीरामअवतार, श्री कृष्णा जन्म उत्सव, पंचम दिवस श्री कृष्णा बाल लीला गोवर्धन पूजन, सस्टम दिवस रासलीला श्री कृष्णा रुक्मणी मंगल विवाह, सप्तम दिवस सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम, अष्टम दिवस सुंदरकांड परायण शारडा बंधु द्वारा होगा। समिति अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी ने कहा कि कलश यात्रा में सम्मिलित होने वाली महिलाएं 5 अगस्त तक अपना नाम पंजीकृत कर लें। इस संदर्भ में 28 जुलाई रविवार को पूर्वान्ह 11:30 बजे श्रीमद् भागवत कथा को भव्यता देने के लिए एक सार्वजनिक सभा का आयोजन ब्रह्मचारी मठ में ही आयोजित किया जाएगा। इस सभा में अत्तापुर क्षेत्र के अलावा हैदराबाद के जाने-माने गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# अ.भा. अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक कल

**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार 21 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सिटाडेल होटल्स एंड कन्वेंशन, गगन पहाड़, शमशाबाद, हैदराबाद में आयोजित की जायेगी । उक्त जानकारी अ.भा. अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आर.एन. गुप्ता एवं मुख्य संयोजक सुभाष अग्रवाल द्वारा दी गई। अ.भा.अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री राजेश भारुका एवं गिरीश मित्तल ने अनुसार इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति बैठक का आयोजन राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के सान्निध्य में तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में किया जायेगा ।



अग्रवाल समाज रिकाबगंज शाखा द्वारा लगभग 300 लोगो को अन्नदान का कार्यक्रम शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे किया गया। इस अवसर पर शाखाध्यक्ष बजरंगलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र मित्तल, परामर्शदाता अशोक बंसल, कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र अग्रवाल ने अपना श्रमदान दिया।

# माइक्रोसॉफ्ट की खराबी के कारण हैदराबाद एयरपोर्ट पर 23 उड़ानें रद्द

**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माइक्रोसॉफ्ट की वैश्विक खराबी के कारण शुक्रवार को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 23 घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं। हवाई अड्डे के सूत्रों ने बताया कि आईटी सेवाओं में व्यवधान के कारण विभिन्न एयरलाइनों को 12 टेक ऑफ और 11 लैंडिंग रद्द करनी पड़ी। दोपहर तक यही स्थिति थी। आईटी सेवाएं अभी तक बहाल नहीं होने के कारण रद्द उड़ानों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है। एयरपोर्ट ने यात्रियों को भेजे संदेश में कहा, हम अपने यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए अपने सभी साथियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। कृपया अपनी उड़ान की जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। इसके बाद यात्री एयरलाइनों से उड़ानों की स्थिति के बारे में जानकारी लेने लगे। जो लोग एयरपोर्ट पहुंच चुके थे, लेकिन बाद में उन्हें अपनी उड़ानें रद्द होने की जानकारी दी गई, वे एयरलाइनों से रिफंड के बारे में पूछताछ करते देखे गए।

# नाबालिग से बलात्कार कर उसे गर्भवती करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मीरपेट में 25 वर्षीय एक व्यक्ति ने एक नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। पुलिस को संदेह है कि पीड़िता को शादी के बहाने संदिग्ध ने फुसलाया और कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया। शुक्रवार को पुलिस ने पड़ोस में ही पान की दुकान चलाने वाले संदिग्ध राकेश कुमार (25) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, बिहार की 14 वर्षीय पीड़िता, जो अपने माता-पिता के साथ पड़ोस में रहती है, को राकेश ने प्यार के नाम पर अपने जाल में फंसाया था। पुलिस के मुताबिक, जब उसके माता-पिता काम पर गए हुए थे और वह घर में अकेली थी तब राकेश ने उससे शादी करने का वादा करके कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया। हाल ही में, पीड़िता की मां ने देखा कि उसकी लड़की बार-बार बीमार पड़ रही है और वह उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने पुष्टि की कि वह गर्भवती है। जिसके बाद लड़की ने खुलासा किया कि राकेश घर में उसका यौन उत्पीड़न करता था। ऐसा संदेह है कि उसने उसके साथ कई बार बलात्कार किया। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा



**बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एनआर लक्ष्मण राव के नेतृत्व में शुक्रवार को भू लक्ष्मी माता मंदिर, मुस्लिम जंग ब्रिज, बेगम बाजार में गौ माता को राष्ट्र माता के रूप में मान्यता देने के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान सफलतापूर्वक चलाया। भक्तों और राहगीरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगभग 600 लोगों ने हस्ताक्षर किए। इस अभियान में विनय तिवारी सलाहकार, येरम श्रीनिवास उपाध्यक्ष, मनोज मोगलगिड्डी नगर अध्यक्ष, सुनील अग्रवाल संयुक्त सचिव, नरेश, प्रवीण यादव, संजय दाहिमा आदि ने अहम भूमिका निभाई।**

# प्रजावाणी कार्यक्रम में प्राप्त हुए 545 आवेदन



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महात्मा ज्योतिबा पूले प्रजा भवन में शुक्रवार को आयोजित प्रजावाणी कार्यक्रम में कुल 545 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने बताया कि राजस्व संबंधी 95, नागरिक आपूर्ति विभाग से संबंधित 84, विद्युत विभाग से संबंधित 82, आवास से संबंधित 79, पंचायती राज ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित 47 तथा अन्य विभागों से संबंधित 158 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस कार्यक्रम में राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष चिन्नारेड्डी ने भाग लिया और आवेदन प्राप्त किये। उन्होंने प्रजा भवन में आये लोगों से उनकी समस्याएं पूछीं।

शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे

# आवासीय कल्याण स्कूलों के लिए सात दिनों में एक समान डिजाइन तैयार करें : मुख्य सचिव



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने शुक्रवार को अधिकारियों से कहा कि राज्य के सभी एकीकृत आवासीय कल्याण स्कूल भवनों के लिए एक समान डिजाइन तैयार किया जाना चाहिए और यह एक सप्ताह के भीतर हो जाना चाहिए।

मुख्य सचिव शांति कुमारी ने विभिन्न कल्याण विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और राज्य में एकीकृत आवासीय कल्याण विद्यालयों की स्थापना के लिए भूमि और अन्य अवसंरचना की पहचान के लिए किए जाने वाले उपायों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के दृष्टिकोण के अनुसार इन स्कूलों में बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विशाल कक्षाएं, खेलने के मैदान, माता-पिता को अपने बच्चों से मिलने के लिए अलग कमरे होने चाहिए। उन्होंने बताया कि कार्यों की प्रगति की निगरानी के लिए बुनियादी ढांचे पर सरकार के सलाहकार की एक समिति गठित की जानी चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव इस परियोजना के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे और इसमें अन्य कल्याण विभागों के सचिव भी शामिल होंगे। अधिकारियों ने मुख्य सचिव को बताया कि 49 आवासीय कल्याण स्कूलों के प्रस्ताव तैयार हैं, जिनमें से आठ स्कूल इस साल शुरू होने के लिए तैयार हैं। अधिकारियों ने कहा कि जिला कलेक्टरों द्वारा 31 आवासीय कल्याण स्कूलों के लिए भूमि की पहचान पहले ही कर ली गई है, जबकि शेष स्कूलों के लिए भूमि की पहचान का काम चल रहा है। बैठक में सरकार के सलाहकार श्रीनिवास राजू, प्रमुख सचिव राजस्व नवीन मित्तल, प्रमुख सचिव एससी विकास श्रीधर, टीएसडब्ल्यूआरईआईएस सचिव अलुगु वार्शिनी, आयुक्त अल्पसंख्यक कल्याण तफसीर इकबाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जीवन में स्मृति बहुत ही जरूरी : प्रो. मिश्र

## कथाकार प्रो. अल्पना मिश्र का विशेष व्याख्यान आयोजित



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. संजीव जैन की प्रेरणा तथा भाषा संकाय की डीन प्रो. वंदना शर्मा की अध्यक्षता में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेष व्याख्यान में पधारे दिल्ली विश्वविद्यालय की आचार्या तथा देशभर में प्रसिद्ध कथाकार प्रो. अल्पना मिश्र ने अपने सद्य प्रकाशित उपन्यास ङ्गअक्षि मंच पर सौ-सौ बिंबङ्घ पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि यह मानवीय संवेदना को बडी सिद्दत से बयां करने वाला उपन्यास है, जो एक स्लीप पैरालिसिस जैसी बीमारी से जूझने वाली लडकी ङ्गनीलीङ्घ पर आधारित है। यह लडकी अपनी रंगहीन बीमार आंखों से रंग-बिरंगी दुनिया को देखने की कोशिश करती है।

अक्षम होने की नियति के हजार हाथों में फंसी छटपटती नीली के जरिये हम दुनिया की उलट-पुलट और आयरनी का हर कोना देख पाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी सत्ता लिंग पर आधारित नहीं है, सत्ता हमेशा पूंजी पर आधारित है। वर्तमान में हर कोई स्मृति और विस्मृति की समस्या से परेशान है। जीवन में स्मृति बहुत ही जरूरी है। स्मृति ही हमें जगरूक करती है तथा आगे की राह दिखाती है।

व्याख्यान के आरंभ में डीन प्रो. वंदना शर्मा तथा हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. भारत भूषण ने श्रीफल व स्मृति-चिह्न प्रदान कर प्रो. अल्पना मिश्र का स्वागत किया। विभाग के सह-आचार्य डॉ. बिजेंद्र ने प्रो. मिश्र का परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभाग के अन्य प्राध्यापक डॉ. शशिकांत मिश्र, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. रत्नेश कुमार यादव, डॉ. विनय कुमार शुक्ल, डॉ. अरविंद कुमार यादव के अलावा विभाग के सभी शोधार्थी उपस्थित रहे। अंत में प्रतिभागियों की कई शंकाओं का समाधान किया गया।

# माता-पिता की निस्वार्थ सेवा एवं आशीर्वाद व्यक्ति का भाग्य तय करती है : दिनेश शास्त्री जी



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाग्यनगर की धन्यधरा पर पहली बार श्रवणकुमार कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन कथा प्रवक्ता पंडित दिनेश शास्त्री उज्जैन महाकाल की नगरी ने अपनी मधुर वाणी में बताया कि सनातन धर्म में जब भी माता-पिता की सेवा करने की चर्चा होती है, तो श्रवण कुमार का नाम सबसे पहले आता है। जब लोगों ने देखा कि एक बेटा अपने अंधे माता पिता की इतने समर्पण से सेवा कर रहा है, तो उनका नाम मातृ पितृ भक्त श्रवण कुमार के रूप में प्रसिद्ध हुआ।शास्त्री जी ने कहा कि मां बाप से बड़ा इस दुनिया में कोई भी नही है। जिसने मां बाप की सेवा की है वह सदैव सुखी रहता है। उन्होंने कहा कि माता पिता की सेवा को फल प्राप्ति के लिए नहीं करना चाहिए निस्वार्थ सेवा एवं आशीर्वाद व्यक्ति का भाग्य तय करती है।

अच्छा करने के लिए मां और मां जैसी महिलाओं का आदर सत्कार करना अति आवश्यक है। इसी प्रकार से ज्योतिष शास्त्र में यह भी वर्णन प्राप्त होता है कि अगर आपको अपना सूर्य मजबूत करना है तो अपने पिता एवं पिता संबंधित व्यक्तियों का आदर सत्कार करना पड़ेगा। इसके विपरीत जो लोग अपने मां-बाप का तिरस्कार करते हैं उनका सूर्य चंद्रमा कमजोर हो जाता है। गौरतलब है सूर्य, चंद्रमा राजारानी है और सूर्य चंद्रमा की बलवान प्रति व्यक्ति को जीवन में सफलता दिलाती है इसलिए सूर्य- चंद्रमा को बलवान करने के लिए माता- पिता की सेवा सत्कार अवश्य करते रहें। शास्त्री जी ने कहा कि श्रवणकुमार कथा हर घर और परिवार में होना चाहिए।

कथा का विशेष सहयोग समाज सेवी गोपाल बल्दवा ने किया है और सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। धार्मिक आयोजन एवं कथा संबंधी जानकारी के लिए पंडित दिनेश शास्त्री उज्जैन वालों से मो. 9479892501 पर संपर्क किया जा सकता है।

# हिन्दी महाविद्यालय में महिला जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिन्दी महाविद्यालय में शुक्रवार दि. 19-7-24 को महिला जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला जागरुकता के सेवा विभाग के एसआई धन सिंह, पुलिस कांस्टेबल आनंद, पुलिस कांस्टेबल श्रीमती यकम्मा ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की सुरक्षा और संरक्षण था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. बाला कुमार के स्वागत भाषण के साथ हुआ। इसके पश्चात पुलिस अधिकारियों ने संकट में फंसी महिलाओं और लड़कियों के लिए उचित परामर्श प्रदान किए। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में छात्रों ने अपने-अपने अनुभव सभी से साझा किये। इस अवसर पर हिन्दी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. बाला कुमार, उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर, डॉ. पीएसएमएल वसंता एवं सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

# जैन श्री संघ मलकपेट में चातुर्मास समितियों की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जैन श्री संघ मलकपेट के तत्वावधान में जिनशासन चंद्रिका पूज्य गुरुणीमैया शीलकुंवरजी म.सा, जिनशाशन गौरव तत्व चिन्तामणि गुरुणीमैया चन्दनबालाजी म.सा की सुशिष्या धवल यशस्वी चरित्र चिन्तामणि साध्वीरत्ना देवेंद्रप्रभाजी म.सा, साध्वी धर्मज्योतिजी म.सा, नवदीक्षित साध्वी प्रियांशश्रीजी म.सा आदि ठाणा 3 का शासनोत्कर्ष वर्षावास 2024 के लिए बम्ब सिंघी भवन में सुख साता पूर्वक विराज रहे है।

चातुर्मास प्रधान संयोजक पारस डोसी ने बताया कि चातुर्मास काल के 4 महीनों के अन्दर पूज्य महासती मंडल के सानिध्य में विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताओं, जप-तप, महान चरित्र आत्माओ की जन्म जयंती, दीक्षा जयन्ती, पुण्यतिथि एवं अन्य कार्यकामो का सुचारू रूप से आयोजन हेतु आज चातुर्मास स्थल बम्ब सिंघी भवन में जैन श्री संघ, जैन महिला मंडल, जैन नवयुवक मंडल, तेजस्वी बहु मंडल एवं जैन युवा मंडल मलकपेट के पदाधिकारियों, चातुर्मास प्रदान संयोजक, स्वागत अध्यक्ष एवं विभिन्न गठित समितियों के सदस्यों की मीटिंग संघ के अध्यक्ष सुरेश गादिया की अध्यक्षता में की गई।

संघ के मंत्री दिलीप गादिया ने पधारे हुए सभी सदस्यों का स्वगात किया। तत्पश्चात पारस डोसी ने चातुर्मास की समितियां जिनमे धन संग्रह, भोजन व्यवस्था, आवास-निवास व वय्यावाच समिति के सदस्यों को अपनी अपनी ज़िम्मेदारी से अवगत कराया एवं सभी से प्राथना की वो सब इस चातुर्मास में तन-मन-धन तीनो का सदुपयोग करके चातुर्मास को यशस्वी व यादगार बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें। सभा मे संघ के अध्यक्ष सुरेश गादिया, पूनमचंद कोचेटा, कुशलराज पोकरणा, महिला मंडल की अध्यक्षा संगीता कोठारी, महिला समिति की ज्ञानाबाई कोठारी, तेजस्वी बहु मंडल की अध्यक्षा त्रिशला कोठारी, जैन युवा मंडल की अध्यक्षा नेहा मरलेचा व अन्य ने अपने अपने विचार रखे। सभा मे सुरेश गादिया, प्रेमचन्द कोठारी, ज्ञानचन्द कोचेटा, पुखराज तातेड़,दिलीप गादिया, मनीष आंचलिया, प्रेम कोठारी, कुशलराज पोकरणा, पारस डोसी, गिरिराज सिंघी, गौतमचन्द कोठारी, पूनमचंद कोचेटा,अशोकचन्द सिंघवी, राजेंद्र कोठारी, ज्ञानचन्द बरमेचा, सुरेश लुनिया, कमल सिंघवी, आंनद चोपड़ा, बसंत पारख, नितिन गांधी,पारस नाबरिया, राजेश खींवसरा, संगीता कोठारी, वसंता रांका, निर्मला पोकरणा, चांदना गोधावत, ज्ञानाबाई कोठारी, चन्द्रा गादिया, आरती गांधी, शालु सिंघी,स्वेता सिंघी, प्रीति नाबरिया, संगीता गादिया, जयश्री गादिया,त्रिशला कोठारी, कोमल गादिया, अभिलाषा कोठारी,नेहा मरलेचा, निधि गांधी व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# सीता जोन ने की तेरस की सामायिक



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सम्यक् सामायिक जोन संयोजिका प्रभा दूगड़ ने बताया कि तेरापंथ महिल मंडल के तत्वावधान में 24 एरिया में चलने वाली समयक् सामायिक जोन के अंतर्गत शुक्रवार को बोईनपल्ली स्थित सीता जोन की सामायिक मनोज सरिता डागा के निवास स्थान पर हुई।सर्वप्रथम मंगलाचरण एवं नितनेम के पश्चात तेरापंथ के आद्य प्रवर्तक भिक्षु स्वामी की तेरस पर ओम भिक्षु जय भिक्षु का जाप किया गया। तत्पश्चात भावना बैंगानी ने चौबीसी की ढ़ालों की अच्छी व्याख्या की। सामायिक में लगभग 10 बहनों की उपस्थिति रही। अंत में सरिता डागा ने सबका धन्यवाद ज्ञापन करते हुए हा कि हम सभी को चतुर्मास में यहां पर विराजित शासनश्री साध्वी शिवमाला जी आदि ठाणा-4 के सानिध्य में प्रवचन का लाभ लेना है तथा जप, तप, स्वाध्याय भी करना है एवं सभी से निवेदन किया की नारी लोक में आए हुए करणीय कार्य ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी, श्रृंखलाबद्ध, पौषध विजडम वेडनेसडे आदि सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। अभी तेरस, चौदस और पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सभी तेला करने का लक्ष्य रखें एवं डीवी.कॉलोनी स्थित तेरापंथ भवन में चलने वाले ओम विश्व जय भिक्षु के अखंड 13 घंटे के जाप में सभी हिस्सा लेकर कर्मों के निर्जरा करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# चातुर्मासिक पर्व आराधना आज



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जयगच्छाधिपति आचार्य प्रवर 1008 पूज्य श्री पार्श्वचन्द्रजी म.सा., प्रवचन प्रभावक डॉ. श्री पद्मचंद्र म.सा. आदि ठाणा-5 के पावन सान्निध्य में आदिनाथ भवन, कोरा में शनिवार को चातुर्मासिक पर्व तप-त्यागपूर्वक मनाया जाएगा। विशेष प्रवचन प्रातः 9.00 से 10.30 बजे तक होगा। सायंकालीन प्रतिक्रमण, पौषद, संवर की व्यवस्था पुरुषों के लिए आदिनाथ भवन एवं महिलाओं के लिए आनंद जेन भवन, कोरा में की गई है।

संघ मंत्री प्रवीण मकाणा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चातुर्मास काल के दौरा प्रतिदिन प्रवचन प्रातः 9.00 से 10.00 बजे एवं प्रातः 6.30 से 7.00 बजे तक प्रार्थना होगी। मध्याह्न 2.30 से 3.30 बजे तक ज्ञान चर्चा एवं सूर्यास्त पश्चात प्रतिक्रमण का आयोजन प्रतिदिन होगा। इसके अलावा भी समय-समय पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

चातुर्मासिक मंगल प्रवेश के बाद से प्रतिदिन प्रवचन हो रहे हैं। इस अवसर पर चातुर्मास स्थल में श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ के नवनिर्मित कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हुआ। उद्घाटन सम्पतराज कोठारी द्वारा हुआ। अध्यक्ष पारसमल रांका, कार्याध्यक्ष जयप्रकाश मकाणा, स्वागताध्यक्ष विनोद मकाणा, उपाध्यक्ष राजेश मकाणा, पारसमल सुखाणी, मंत्री प्रवीण मकाणा, कोषाध्यक्ष प्रकाश कटारिया, नवीन मकाणा, सचिन मकाणा आदि उपस्थित थे।

# किसानों को बिना किसी असुविधा के ऋण माफी लागू की जाए : जिला कलेक्टर




**आसिफाबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी किसान ऋण माफी योजना में पात्र किसानों की ऋण माफी बिना किसी परेशानी के लागू की जाए। शुक्रवार को उन्होंने जिला अपर कलेक्टर (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी के साथ जिला केंद्र स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा का दौरा किया और ऋण माफी योजना प्रबंधन प्रक्रिया की समीक्षा की। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने कहा कि शुरू किए गए ऋण माफी निधि जारी कार्यक्रम के तहत पांच लाख रुपये से कम ऋण वाले किसानों के खातों में धनराशि जमा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई किसान ऋण माफी योजना को जिले के प्रत्येक पात्र किसान तक लागू करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

# मॉडल स्कूल में घटिया काम करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई : डीवाईएफआई




**कागजनगर, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमारम भीम आसिफाबाद जिले के वानकिडी मंडल में सरकार ने आदर्श स्कूलों के लिए लाखों रुपये का बजट आवंटित किया लेकिन इसका टेंडर कर ठेकेदारों को काम दे दिया गया। ठेकेदार घटिया सामग्री, बिजली के पाइप, और पीने के पानी के लिए पाइप लेकर काम कर रहे हैं। सीमेंट, कंक्रीट, ऐसी सभी खराब होने वाली सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। बजट बर्बाद किया जा रहा है। दीवारें बनाई जा रही हैं, लेकिन पानी को शुद्ध नहीं किया जा रहा है। राजुलागुड़ा गणेशपुर स्कूल का दौरा किया, तो वे पुरानी अवध-ारणाओं को जोड़कर दीवारें बना रहे हैं। ठेका, घटिया भवन और घटिया गुणवत्ता का काम, सरकारी पैसे की बर्बादी, अगर सरकार स्कूल को विकसित करने के लिए बजट आवंटित करती है, तो कुछ ठेके अपने स्वार्थ के लिए घटिया काम करके बजट की बर्बादी कर रहे हैं, कुछ स्कूलों में अभी भी काम नहीं हो रहा है शैक्षणिक वर्ष शुरू होने के दो माह बाद भी भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है, इसके अलावा अब भवन निर्माण कार्य का ठेका होने से भवन में सीमेंट व अन्य सामग्री डालने से विद्यार्थियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है अम्मा बाडी आदर्श विद्यालय के निर्माण को पूरा करने में उपेक्षा कर रहे हैं, हम भारत प्रजातंत्र युवजन समाख्या डीवाईएफआई के रूप में उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हैं, अन्यथा हम आंदोलन की चेतावनी देते हैं। इस कार्यक्रम में डीवाईएफआई के जिला सचिव गोडीसेला कार्तिक, मंडल नेता विलास, शंकर हनुमान और अन्य ने भाग लिया।

# नराकास नलगोंडा की 22वीं अर्ध वार्षिक बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नलगोंडा की 22वीं अर्ध वार्षिक बैठक शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक के संयोजन से आयोजित की गई।वाई प्रसन्न कुमार, मुख्य प्रबंधक (राजभाषा), भारतीय स्टेट बैंक स्थानीय प्रधान कार्यालय, हैदराबाद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बैठक की अध्यक्षता मो.अलीमोद्दीन, स्थानापन्न उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ने की। नलगोंडा स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालय, सरकारी बैंक, बीमा कंपनियों और निगमों के उच्च अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। अनिर्बान कुमार विश्वास, उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार बैठक में आनलाइन जुड़े और सभी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए मार्गदर्शन किया।

# हरियाणा में ईडी ने एम3एम की 300.11 करोड़ रुपए की संपत्ति की जब्त

**गुरुग्राम/नई दिल्ली, 19 जुलाई (एजेंसियां)।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मेसर्स एम3एम इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की 88.29 एकड़ में फैली 300.11 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। कुर्क की गई जमीन हरियाणा के गुरुग्राम जिले की हरसारू तहसील के बशारिया गांव में है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी।

दरअसल, सीबीआई ने हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डीटीसीपी के तत्कालीन निदेशक त्रिलोक चंद गुप्ता, मेसर्स आर.एस. इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और 14 अन्य कॉलोनाइजर कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 (एलए अधिनियम) की धारा 4 और तत्पश्चात भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 6 के तहत संबंधित भूमि मालिकों की भूमि के अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी करवाकर विभिन्न भूमि मालिकों, आम




जनता और हरियाणा को धोखा देने की बात शामिल है, जिसके कारण भूमि मालिकों को अपनी भूमि को उक्त कॉलोनाइजर कंपनियों को भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 4 के तहत अधिसूचना जारी होने से पहले की प्रचलित कीमत से कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इसके अलावा, उन्होंने धोखाधड़ी और बेईमानी से अधिसूचित भूमि पर आशय पत्र (एलओआई)/लाइसेंस प्राप्त किए, जिससे संबंधित भूमि मालिकों, आम जनता और प्रदेश को नुकसान हुआ, जबकि उन्होंने गलत तरीके से खुद को लाभ पहुंचाया। ईडी की जांच से इस बात का खुलासा हुआ कि एम3एम समूह के प्रमोटर बसंत बंसल और रूप बंसल के स्वामित्व वाली कंपनी मेसर्स आरएस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने एफआईआर में उल्लिखित व्यक्तियों के साथ मिलीभगत की और बिना किसी कानूनी आधार के उनके मामले को अत्यधिक कठिनाई का मामला बताकर, एक वाणिज्यिक कॉलोनी स्थापित करने के लिए 10.35 एकड़ भूमि के लिए अवैध रूप से लाइसेंस प्राप्त किए। वाणिज्यिक कॉलोनी स्थापित करने के लाइसेंस लेने के बाद मेसर्स आरएसआईपीएल के प्रमोटरों ने वाणिज्यिक कॉलोनी विकसित नहीं की।

बाद में, उन्होंने कंपनी के शेयर और संपत्ति को मेसर्स रेलिगेयर समूह की एक संबद्ध इकाई मेसर्स लो रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड को 726 करोड़ रुपये में बेच दिया। अवैध रूप से लाइसेंस प्राप्त करने की इस धोखाधड़ी गतिविधि के परिणामस्वरूप 300.15 करोड़ रुपये की अपराध आय (पीओसी) उत्पन्न हुई है, जिसे बाद में आरएसआईपीएल से मेसर्स आरएसआईपीएल के प्रमोटरों के बैंक खातों में और उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया गया और बाद में मेसर्स एम3एम समूह की कंपनियों के परिचालन और व्यावसायिक खर्चों के लिए उपयोग किया गया। इस पूरे मामले में आगे की जांच जारी है।

# जयपुर में अब मीट विक्रेताओं को बोर्ड पर लिखना होगा हलाल है या झटका

**जयपुर, 19 जुलाई (एजेंसियां)।**

ग्रेटर नगर निगम की मेयर सौम्या गुर्जर ने एक आदेश जारी कर कहा है कि मीट की दुकानों पर हलाल या झटका लिखना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचने से रोकना है।




यह आदेश निगम की कार्यकारिणी समिति की चौथी बैठक में लिया गया है। मेयर गुर्जर का कहना है कि अगर इस आदेश का पालन नहीं किया गया, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने बताया कि शहर में अवैध मीट दुकानों के खिलाफ भी निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी। मेयर सौम्या गुर्जर ने यह भी कहा कि नगर निगम क्षेत्र में एक सर्वेक्षण किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी दुकानों ने इस आदेश का पालन किया है। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मीट विक्रेता केवल व्यावसायिक लाइसेंस पर ही मांस बेच सकते हैं। जिन विक्रेताओं के पास लाइसेंस नहीं होगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश का उद्देश्य धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना और ग्राहकों को स्पष्ट जानकारी प्रदान करना है। वर्तमान समय में, जब धार्मिक और सांप्रदायिक संवेद-नशीलता उच्चतम स्तर पर है, इस प्रकार के कदम उठाने से संभावित विवादों और असंतोष को कम किया जा सकता है। इस आदेश के तहत, जयपुर में सभी मीट दुकानों को एक स्पष्ट और दृष्टिगत बोर्ड लगाना होगा जिस पर लिखा हो कि वे हलाल मीट बेच रहे हैं या झटका मीट। इससे ग्राहक अपने धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं के अनुसार मीट खरीदने का निर्णय ले सकेंगे।

मेयर गुर्जर ने यह भी कहा कि इस आदेश का उद्देश्य न केवल धार्मिक भावनाओं की सुरक्षा करना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि उपभोक्ताओं को उनकी प्राथमिकताओं के अनुसार उत्पाद प्राप्त हों। इसके लिए नगर निगम की एक विशेष टीम गठित की जाएगी जो नियमित रूप से दुकानों की जांच करेगी और आदेश का पालन सुनिश्चित करेगी। इस निर्णय की विभिन्न समुदायों और संगठनों द्वारा विभिन्न प्रतिक्रियाएँ आई हैं। कुछ इसे एक सकारात्मक कदम मानते हैं जो सांप्रदायिक सद्भावना को बढ़ावा देगा, जबकि अन्य इसे व्यापारिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप मानते हैं।

## मिजोरम में सुपारी तस्करी मामले की सीबीआई जांच के आदेश

**ऐजल, 19 जुलाई (एजेंसियां)।**

गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले के माध्यम से म्यांमार से भारत में सूखी सुपारी की कथित तस्करी की जांच करने का निर्देश दिया है। एक वकील ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

न्यायमूर्ति माइकल ज़ोथनखुमा और न्यायमूर्ति मार्ली वानकुंग की पीठ ने कार्यकर्ता वनरामचुआंगी (जिन्हें 'रुआतफेला नू' के नाम से जाना जाता है,) द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता ने तस्करी में नकली/जाली ई-वे बिल/वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल का आर-ोप लगाया था। उच्च न्यायालय ने मंगलवार को जारी एक आदेश में कहा, यह निर्देश (सीबीआई जांच के लिए) राज्य पुलिस के इस रुख के कारण पारित किया गया है कि वे उक्त मामले की पूरी तरह से जांच करने में असमर्थ हैं, क्योंकि इसमें म्यांमार से होने वाली अंतरराष्ट्रीय तस्करी शामिल है। अदालत ने कहा, इसके अलावा यह अपराध वाणिज्यिक लेन-देन से संबंधित है, जिसके लिए निष्पक्ष और निष्पक्ष जांच केवल सीबीआई द्वारा की गई जांच से ही हो सकती है। तदनुसार, सीबीआई मामले की जांच करेगी और यदि आवश्यक हो, तो मामला दर्ज करेगी और इसे तार्किक निष्कर्ष तक ले जाएगी।

## केरन में घुसपैठ के खिलाफ अभियान पुलिस से मिली सूचना पर शुरू किया गया

**जम्मू, 19 जुलाई (ब्यूरो)।**

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर केरन सेक्टर में दो आतंकवादियों को मार गिराने के लिए चलाए गए अभियान की शुरुआत पुलिस की ओर से दी गई खुफिया सूचना पर की गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो संदिग्ध विदेशी आतंकवादियों को गुरुवार को उस समय मार गिराया गया, जब वे नियंत्रण रेखा पार कर घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे।

श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एम के साहू ने बताया कि बुधवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस से केरन सेक्टर के जरिये विदेशी आतंकवादियों के एक समूह द्वारा संभावित घुसपैठ के बारे में विश्वसनीय सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि खुफिया एजेंसियों ने भी की है। उन्होंने बताया कि सैनिकों ने गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे घुसपैठियों की गतिविधि देखी।

प्रवक्ता ने कहा, 18 जुलाई को करीब 12.30 बजे सतर्क सैनिकों ने एलओसी के अपने हिस्से में घने जंगल के बीच से दो आतंकवादियों की गतिविधि देखी। घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को चुनौती दी गई तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने गोलीबारी में दो कट्टर विदेशी आतंकवादियों



को मार गिराया गया, साथ ही उनके पास से हथियार, युद्ध के सामान और एक पाकिस्तानी पहचान पत्र बरामद किया गया। उन्होंने कहा यह सफल खुफिया-आधारित ऑपरेशन भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जम्मू कश्मीर पुलिस (जेकेपी) के बीच घनिष्ठ तालमेल का एक और उदाहरण है।

लेफ्टिनेंट कर्नल साहू ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में नियंत्रण रेखा पर यह तीसरा ऐसा सफल घुसपैठ विरोधी अभियान था। उन्होंने कहा यह नियंत्रण रेखा की पवित्रता बनाए रखने और कश्मीर घाटी में शांति बनाए रखने के लिए मजबूत घुसपैठ विरोधी रुख के लिए भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। गौरतलब है कि गत 14 जुलाई को केरन सेक्टर में घाटी में घुसने की कोशिश कर रहे तीन विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया गया। जून के आखिरी हफ्ते में बारामूला जिले के गोहालन उरी में घुसपैठ विर-ोधी अभियान में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए।

# धर्म के आधार पर देश विभाजित करवाने वाले धर्म की बातें कर रहे है: दाधीच

**जयपुर, 19 जुलाई (एजेंसियां)।**

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सोशल मीडिया पर जारी बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि जिस कांग्रेस ने देश का विभाजन ही धर्म के नाम पर किया था, उस पार्टी के नेता धर्म और अधर्म की बातें कर रहे हैं।

श्री दाधीच ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि ऐसे लगता है कि कांग्रेस का नेतृत्व 99 के फेर में उलझा हुआ है और नित नयी बयानबाजी करके समाचारों में बने रहने की अपनी चाह को तुष्ट कर रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से पूछा कि जयपुर की एक रोड रेज की घटना में समुदाय विशेष को 50 लाख रुपये किस आधार पर दिये थे और उन्हीं के शासन में कन्हैया लाल की हत्या होने पर वह चुप कैसे रहे थे।

उन्होंने कहा कि झालावाड़ में श्रीकिशन वाल्मिकी, अलवर में हरीश जाटव, योगेश जाटव, चिरंजीलाल सैनी और जयपुर में ही मनु वैष्णव की हत्या हो जाने पर किस आधार पर चुप्पी साध ली थी। अच्छा होता पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता आत्म मंथन करते कि राजस्थान की जनता ने उन्हें क्यों नकार दिया था।

श्री दाधीच ने कहा कि अशोक गहलोत को भगवान श्रीराम से जुडे सारे श्रद्धा केंद्र अब याद आ रहे है, जब भगवान राम के अस्तित्व पर उनके आलाकमान द्वारा सवाल उठाये जा रहे थे तब वह मुंह में दही जमाकर क्यों बैठे थे। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत ही मुख्यमंत्री थे तब जयपुर बम ब्लास्ट के गुनाहगारों को न्यायालय से राहत मिल गई थी क्योंकि सरकार ने पैरवी ही नहीं की थी। श्री दाधीच ने कहा कि उन गुनहगारों को बचाने वाले गहलोत जिन धर्म स्थलों का नाम ले रहे हैं वहाँ जाकर प्रायश्चित करना चाहिये। उन्होंने कहा कि 543 में से 99 सीट लाकर जश्न मनाने वाले कांग्रेसी नेता यह भूल गये है कि देश की जनता ने कई राज्यों में उनका खाता भी नहीं खुलने दिया।

# कर्नाटक में स्कूल मैदान के इस्तेमाल पर प्रतिबंध को लेकर विवाद

**मंगलुरु, 19 जुलाई (एजेंसियां)।**

दक्षिण कन्नड़ जिला स्कूल शिक्षा निदेशक के एक हालिया निर्देश ने गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के लिये स्कूल के मैदानों के उपयोग पर रोक लगा दी है, जिससे कृष्ण जन्माष्टमी और गणेशोत्सव त्योहारों से कुछ दिन पहले एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सोलह जुलाई को जारी परिपत्र में गैर-शैक्षणिक उद्देश्यों के लिये स्कूल के मैदानों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे हिंदूवादी संगठनों और समुदाय के नेताओं में व्यापक आक्रोश फैल गया।

यह निर्देश सरकारी, सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा। इसमें कहा गया है कि स्कूल परिसर का उपयोग किसी भी गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के लिये नहीं किया जाना चाहिये। इसके अलावा, सर्कुलर स्कूलों को सलाह देता है कि वे ऐसी गतिविधियों की मंजूरी के लिये कोई प्रस्ताव प्रस्तुत न करें और चेतावनी दी है कि किसी भी उल्लंघन के लिये स्कूल प्राचार्यों को जिम्मेदार ठहराया जायेगा।


हिंदूवादी संगठनों ने निर्देश के समय और निहितार्थ पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। वर्षों से, गणेशोत्सव और जन्माष्टमी समारोह जैसे सामुदायिक कार्यक्रम उचित अनुमति के साथ स्कूल के मैदान में आयोजित किये जाते रहे हैं। नये प्रतिबंध को इन पारंपरिक उत्सवों पर सीधे हमले के रूप में देखा जा रहा है।

बेलथांगडी से भाजपा विधायक हरीश पूंजा ने इसे सांस्कृतिक और धार्मिक प्रथाओं का उल्लंघन बताते हुये आदेश को तत्काल वापस लेने का आह्वान किया है। श्री पूंजा ने कहा, यह निर्देश अपमानजनक है और इसे रद्द किया जाना चाहिये। हमारा समुदाय लंबे समय से आवश्यक अनुमतियों के साथ महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों के लिये स्कूल के मैदानों का उपयोग करता रहा है।

विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के सदस्य गिरीश भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर हिंदू त्योहारों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने स्कूल के मैदानों का इस्तेमाल राजनीतिक रैलियों के लिये किया है, जो निर्देश जारी करने में दोहरे मानदंड का संकेत देता है।

श्री भारद्वाज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हिंदू विरोधी सिद्दारमैया सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिये इन स्थानों का उपयोग करते हुये स्कूल और कॉलेज के मैदानों पर गणेश चतुर्थी, जन्माष्टमी और सरस्वती पूजा को रोकने की साजिश रच रही है। यह हिंदू परंपराओं के प्रति एक स्पष्ट पूर्वाग्रह है।

## शेयर मार्केट



बीएसई : 80,604.65
-738.81 -0.91% ↓
एनएसई :24,530.90
-269.95 (-1.09%) ↓

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)
सोना : 75,640/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 91,335/- (प्रति किलोग्राम)

# जम्मू-कश्मीर में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प

**जम्मू, 19 जुलाई (ब्यूरो)।**

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में कई लोग घायल हो गए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि ग्रामीणों का एक समूह सुबह से ही राजमार्ग पर एकत्र हो गया और इसे अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने हस्तक्षेप किया और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया, जिससे दोनों पक्षों के बीच तीव्र झड़प हुयी।

पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। प्रदर्शनकारियों ने अपने क्षेत्र में पीने के पानी की लगातार कमी को लेकर चेनबल, मिरगुंड पट्टन में श्रीनगर बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर



दिया। जब प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर पथराव किया तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) भी घायल हो गए।अधिकारियों ने बताया कि झड़प के दौरान कई लोग घायल हो गए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। भाजपा मीडिया प्रभारी कश्मीर साजिद यूसुफ शाह और सोशल मीडिया प्रभारी साहिल बशीर भट पर इलाके में प्रदर्शनकारियों ने हमला किया। हमले में उनके पीएसओ भी घायल हो गए।

चेनाबल के एक निवासी ने कहा, हम क्षेत्र में लगातार बने जल संकट के लिए राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों दोनों से जवाबदेही की मांग कर रहे हैं और आज हमारे पास राजमार्ग पर विरोध प्रदर्शन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। जैसे ही इलाके में तनाव बढ़ा, वरिष्ठ नागरिक और पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की। बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आमोद नागपुरे ने घटनास्थल का दौरा किया और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों का समाधान किया जाएगा।उन्होंने लोगों से कहा कि उनकी शिकायत वास्तविक है और उनसे शांति बहाल करने की अपील की। बारामूला के उपायुक्त मिंगा शेरपा और जल शक्ति विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुव्यवस्थित की जाएगी। इस बीच पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने अधिकारियों से लोगों की बात सुनने को कहा। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, चेनाबल, पट्टन में क्या हो रहा है। लोग बस पानी की कमी को लेकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं और जम्मू-कश्मीर पुलिस की प्रतिक्रिया क्या है? ऐसा लग रहा है मानो वे किसी मुठभेड़ स्थल पर हों।

## शुभ लाभ Classifieds

**CHANGE OF NAME**

I,Service No JC-772744N, Rank SUB/CLK SD, Name. BACHCHA DWIWEDI,S/o. S N DWIWEDI, Unit. 15 Corps Zonal WkSP C/o 56 APO, residing at Vill: JHANDA CHHPRA PO: KASHILA, Dist SIWAN, State BIHAR, Pin: 841287, changed my Daughter's Name from **PALWI KUMARI** to **PALLAVI KUMARI**, Affidavit Signed By advocate and Notary G Samuel Bsc LLB

**CHANGE OF NAME**

I, PANCHFULA is legally wedded Spouse of Service No. 14853048M, Rank SEP. Name THORAT SANTOSH SHESHRAO, Unit: DRDO Complex, Yadgaripalli (Village), Secunderabad, residing at Vill: NACHANWEL, PO NACHANWEL, Teh KANNAD, Dist AURANGABAD, State MAHARASHTRA, Pin 431104, Changed my name from **PANCHFULA** to **PANCHFULA SANTOSH THORAT**, Affidavit Singed By advocate and Notary B yadagiri MMCP.,BA.,LL.B,

**CHANGE DATE OF BIRTH**

I, PALANIYAMMAL Mother of Service No.14689257L Hav Gokulan.R, R/o. Vill:Jollampatti, Po:Kottumaranahalli, Teh:Karimangalam, District: Dharmapuri, Tamilnadu-635205 have changed my **Date of Birth** from **1-7-1972** to **23-7-1971** vide affidavit dt:22-5-2024 before K.Vijayan, Advocate and Notary, Dharmapuri.

**CHANGE OF NAME**

I, JASVEER KAUR Spouse of Army No.6941033F Hav Kuljinder Singh, R/o. Vill & Po: Maksudpur, Teh:Bholath, Dist:Kapurthala, Punjab have changed my name from **JASVEER KAUR** to **JASVIR KAUR** vide Affidavit S.No.38AA857564 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, No.6940972X Hav Mithari Sukumar Yashwant of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad Telangana hereby state that my mother name is changed from **LAXMI YASHWANTH MITHARI** to **LAXMIBAI YASHWANT MITHARI** vide Affidavit S.No.38AA857565.

**CHANGE OF NAME**

I, Monika Begam spouse of Service No.14845595M Nk/SHT Chan Miah, R/o.W-2, Kamrangatali, West Tripura, Tripura-799105 have changed my name from **MONIKA BEGAM** to **MANIKA BEGAM**

**CHANGE OF NAME**

I, MEENAKSHI JAISWAR is legally wedded spouse of No 14660694H NK Kamlesh Kumar Jaiswar, R/o H.No-16, W.No-14 Naya Bazar, Vinoba Gang,District Neemuch,PIN-458441 State-Madhya Pradesh, have changed my name from MEENAKSHI JATAV to MEENAKSHI JAISWAR and DOB is 25/10/1992 add in my husband service documents before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad dated 19/07/2024.

**CHANGE OF NAME**

I, Service No.15816969L L/Nk Kusalkar Vinod of 01 Trg Bn, AOC Centre, Secunderabad C/o. 56 APO hereby declare that my daughter name is changed from **ISHIKA** to **KUSALKAR ISHIKA VINOD**

शुभ लाभ का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name :
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date ........ Drawn ........
Name of the Executive ........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

शुभ लाभ

# तीन साल में सभी सरकारी स्कूलों को मजबूत करने के लिए योजना तैयार की जाए : रेवंत

**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक नई नीति अपनाई है।

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क के साथ यहां एकीकृत आवासीय विद्यालयों के मास्टर प्लान और अन्य मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। शिक्षा विभाग के सचिव बुर्रा वेंकटेशम को मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री के साथ यहां एकीकृत आवासीय विद्यालयों के मास्टर प्लान और अन्य मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। शिक्षा विभाग के सचिव बुर्रा वेंकटेशम को तीन साल में सभी सरकारी स्कूलों को मजबूत करने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश दिया



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एकीकृत आवासीय विद्यालयों के साथ-साथ अर्ध-आवासीय विद्यालय खोलने के लिए रचनात्मक प्रस्ताव लाने का आदेश दिया। उन्होंने शिक्षा विभाग को राज्य में प्ले स्कूलों की तर्ज पर आंगनवाड़ी केंद्रों में तीसरी कक्षा तक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा। सभी छात्रों को उनके मूल गांवों में शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्रों में एक अतिरिक्त शिक्षक की भर्ती की योजना को अंतिम रूप देने का सुझाव दिया। चौथी कक्षा तक शिक्षा प्रदान करने के लिए अर्ध-आवासीय विद्यालय स्थापित करने की योजना पर विचार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्ध-आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए परिवहन सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए।

# एक लाख रुपए की कर्ज माफी में अंडोल सबसे आगे



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना की मौजूदा कांग्रेस सरकार द्वारा दी गई एक लाख रुपये की कृषि ऋण माफी में अंडोल निर्वाचन क्षेत्र तेलंगाना में पहले स्थान पर है, जहां 107 करोड़ रुपये से अधिक की कुल राशि माफ की गई है।

अंडोल के बाद हुस्नाबाद और कलवाकुर्ती ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।गुरुवार को, राज्य सरकार ने राज्य के 110 निर्वाचन क्षेत्रों (नौ शहर निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर जहां कोई किसान ऋण नहीं है) में 10,84,050 किसान परिवारों के 11,50,193 किसानों के ऋण खातों में 6,098.93 करोड़ रुपये जमा करते हुए एक लाख रुपये तक के ऋण माफ कर दिए। इस पहल से वे सभी परिवार कर्ज मुक्त हो गए हैं। अंडोल निर्वाचन क्षेत्र में, 19,186 किसान परिवारों के 20,216 किसानों के 107.83 करोड़ रुपये के ऋण माफ किए गए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, हुस्नाबाद निर्वाचन क्षेत्र में, 18,101 किसान परिवारों के 18,907 किसानों के 106.74 करोड़ रुपये के ऋण माफ किए गए और कलवाकुर्ती निर्वाचन क्षेत्र में, 17,270 किसान परिवारों के 18,196 किसानों के 103.02 करोड़ रुपये के ऋण माफ किए गए।

# ड्राइवर से मारपीट और गाली-गलौज करने के आरोप में ट्रैफिक पुलिसकर्मी का तबादला

**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना पुलिस ने एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी को एक लॉरी चालक के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करने के बाद स्थानांतरित कर दिया।

साइबराबाद कमिश्नरेट के तहत जीदीमेटला ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव द्वारा वीडियो पोस्ट करने और तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक से पुलिसकर्मियों के व्यवहार में बदलाव के लिए संवेदीकरण कक्षाएं आयोजित करने का आग्रह करने के बाद की गई। यातायात पुलिस अधिकारी को एक ट्रक चालक को थप्पड़ मारते देखा गया और अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए सुना गया। यह केटीआर ने डीजीपी से पूछा कि कैसी बेकार भाषा है? क्या यह स्वीकार्य व्यवहार है? कृपया याद रखें कि यह नागरिक ही हैं जो पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को वेतन देते हैं। मेरा ट्वीट सिर्फ एक घटना के बारे में नहीं है, बल्कि मैंने सोशल मीडिया पर कई वीडियो देखे हैं जहां पुलिसकर्मी नागरिकों के साथ बेहद अनुचित तरीके से व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि आप नागरिकों के सीधे संपर्क में रहने वाले पुलिसकर्मियों के व्यवहार में बदलाव के लिए संवेदीकरण कक्षाएं आयोजित करेंगे। बीआरएस नेता के ट्वीट के जवाब में तेलंगाना पुलिस ने कहा, हम 24/7 जनता की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।यह घटना साइबराबाद जीदीमेटला ट्रैफिक सीमा के अधिकार क्षेत्र में हुई।

# बिना किसी प्रतिबंध के लागू की जाए किसान ऋण माफी योजना

## बीआरएस विधायकों ने की सभी पासबुक धारक किसानों को ऋण माफी के दायरे में लाने की मांग



**हैदराबाद, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बीआरएस विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी ने किसानों के लिए व्यापक फसल ऋण माफी का आह्वान किया और जोर देकर कहा कि 2 लाख रुपये तक के सभी ऋण बिना किसी प्रतिबंध के माफ किए जाने चाहिए और इसे सभी पासबुक धारकों तक बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने केवल 6,000 करोड़ रुपये के साथ इस योजना को लागू किया, जबकि रायथु भरोसा कृषि निवेश सहायता के तहत किसानों को भुगतान के लिए 12,000 करोड़ रुपये लंबित हैं।

शुक्रवार को तेलंगाना भवन में मीडिया से बात करते हुए राजेश्वर रेड्डी ने किसानों को अपर्याप्त समर्थन के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य सरकार ने ऋण माफी के लिए केवल 6,000 करोड़ रुपये दिए, जो कुल फसल ऋण वाले किसानों का केवल 30 प्रतिशत और राशि के संदर्भ में केवल 20 प्रतिशत कवर करता है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार द्वारा घोषित योजना के लिए आवश्यक 31,000 करोड़ रुपये के मुकाबले केवल 6,000 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।बीआरएस विधायक ने बताया कि कांग्रेस ने रायथु भरोसा के तहत किसानों को प्रति एकड़ 7,500 रुपये देने का वादा किया था, जो कि 1.5 करोड़ एकड़ के लिए 12,500 करोड़ रुपये होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कृषि ऋण माफी योजना से राज्य में 2 लाख रुपये तक के फसल ऋण वाले कुल 40 लाख किसानों में से केवल 10 लाख को लाभ हुआ है। उन्होंने कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से किसान आत्महत्याओं में वृद्धि की ओर भी इशारा किया और रायथु भरोसा योजना के तहत तत्काल वित्तीय सहायता जारी करने की मांग की।

उन्होंने अपनी गुमराह करने वाली रणनीति की तुलना जोसेफ गोएबल्स से करते हुए कहा, रेवंत रेड्डी और उनका मंत्रिमंडल किसानों को झूठे वादों से धोखा दे रहा है। राजेश्वर रेड्डी ने याद दिलाया कि बीआ-रएस शासन के दौरान, किसानों को पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी, जिसमें रायथु बंधु कृषि निवेश सहायता के तहत किसानों को 70,000 करोड़ रुपये और फसल ऋण माफी के तहत 30,000 करोड़ रुपये शामिल थे। 1.2 लाख किसानों के परिवारों को बीमा में 7,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। उन्होंने कांग्रेस सरकार से अपने वादों का सम्मान करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि सभी पात्र किसानों को योजना से लाभ मिले। इस दौरान विधायक केपी विवेकानंद और कोवा लक्ष्मी ने भी मीडिया के साथ बातचीत की।

# तिरुमाला के धर्मगुरुओं की चातुर्मास दीक्षा 21 जुलाई से शुरू

**तिरुमाला, 19 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश में तिरुमाला के धर्मगुरुओं की वार्षिक चातुर्मास दीक्षा 21 जुलाई से शुरू होगी। यह परंपरा है कि श्रावण, भाद्र पद, अश्वयुज और कार्तिक के पवित्र चार महीनों के दौरान, आचार्य पुरुष मानवता की भलाई के लिए पवित्र स्नान, जप, होम और व्रत का पालन करते हैं। श्री वैष्णव संत रामानुजाचार्य द्वारा स्थापित परंपरा के अनुसार, चार महीने की चातुर्मास व्रत दीक्षा तिरुमाला के दोनों मठाधीशों द्वारा शुरू की जाएगी। उस दिन, वे अपने शिष्यों के साथ सदियों पुरानी परंपरा का पालन करते हुए पहले वराह स्वामी मंदिर और स्वामी पुष्करणी, बाद में श्रीवारी मंदिर की यात्रा करते हैं।















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.